हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 9 नवंबर 2025



06 टेलीकॉम कंपनी सड़क पर ही डाल रही है...



09 मकान में रखे पटाखों में भीषण आग धमाकों से...



## खबर संक्षेप

### स्थापना दिवस पर ध्वज स्टीकर लगाए

**विदिशा।** भारत स्काउट एवं गाइड स्थापना दिवस के अवसर पर 7 नवंबर को बेतवा हाल में विधायक मुकेश टंडन, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, कलेक्टर अंशुल गुप्ता, एडीएम, सीईओ, एएसपी प्रशांत चौबे, एसडीएम क्षितिज शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को ध्वज स्टिकर लगाकर फंड रेजिंग की गई। ज्ञातव्य है कि स्काउट-गाइड आंदोलन की स्थापना 7 नवंबर 1950 को पंडित श्रीराम बाजपेयी, डॉ. हृदयनाथ कुंजरू और पंडित मदन मोहन मालवीय द्वारा की गई थी। इसी दिन 150 वर्ष पूर्व राष्ट्रगीत वंदे मातरम का प्रथम गायन हुआ था।

### बीएलओ एप पर मतदाता की जानकारी अपडेट करें

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के संबंध में निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ घर-घर जाकर दो प्रतियों में गणना पत्रक वितरित करें। गणना पत्रक के वितरण की जानकारी बीएलओ एप के माध्यम से अपडेट करें। मतदाता द्वारा वर्ष 2003 की मतदाता सूची से जुड़ी जानकारी प्राप्त करके उसे गणना पत्रक में दर्ज करें। मतदाता से गणना पत्रक में अनिवार्य रूप से हस्ताक्षर कराएं। बीएलओ एप के माध्यम से मतदाता की गणना पत्रक में दर्ज जानकारी को प्रतिदिन अपडेट करें। सभी बीएलओ गणना पत्रक में मतदाता की वर्ष 2025 का विवरण और वर्ष 2003 का डाटा मैप करना सुनिश्चित करें।

### नरवाई प्रबंधन के क्षेत्र में कारगर साबित हो रही बेलर मशीन का प्रदर्शन

**विदिशा।** बेलर मशीन से नरवाई नष्ट करने किसानों को प्रेरित किया जा रहा है। मशीनों से नरवाई का सदोपयोग सुगमता कैसे करें इसके लिए किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान भी मौके पर किया जा रहा है। शनिवार को ग्यारसपुर तहसील के ग्राम कौलींजा में बेलर का प्रदर्शन किया गया। उप संचालक कृषि केएस खपेड़िया, महेंद्र ठाकुर सहायक संचालक कृषि,आईटीसी से सार्थक कोटियाल प्रोसेस मैनेजर एवं पवन कुमार शर्मा मौजूद रहे।

### नहरों में पानी छोड़ने से पहले ही प्रशासन ने किसानों को दी थी चेतावनी

# हलाली डैम की नहरों में छोड़ा पानी कई किसानों की मेहनत पर फिर गया

*हलाली बांध की नहरों में पानी छोड़ दिया गया है। यह पानी कई किसानों के लिए वरदान तो कई के लिए परेशानी का सबब बन गया है। टेल क्षेत्र में पानी पहुंचते ही धान के कई खेतों में भर गया है। जिससे किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ेगा। प्रशासन ने नहर में पानी छोड़ने से पहले ही किसानों को चेतावनी दी थी कि जिन किसानों को पानी की आवश्यकता नहीं है वह पानी पहुंचने के रास्ते बंद कर लें।*

**टेल क्षेत्र के किसानों ने की नहर बंद करने की मांग क्योंकि अभी उन्हे नहीं है पानी जरूरी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| विदिशा

पलेवा के लिए सिंचाई विभाग ने हलाली बांध की नहरों में पानी छोड़ दिया है। यह पानी टेल क्षेत्र तक पहुंच चुका है। जहां किसानों के खेतों में अभी धान की फसल कटी पड़ी है और इन किसानों को अभी पानी की जरुरत नहीं है।



विदिशा। नहर के पानी से दीताखेड़ी गांव में एक किसान की आठ बीघा की फसल पूरी तरह से पानी में डूब गई।

प्रशासन की चेतावनी के बाद भी इन किसानों ने खेतों में पानी पहुंचने के रास्ते बंद नहीं किए जिसके कारण नहर का पानी खेतों में भर गया और खेतों में सूख रही धान की फसल पानी में डूब गई। ऐसे कई किसान हैं जिनके खेतों में पानी भराया है। किसान इसे प्रशासन की गलती बता रहे हैं तो वहीं प्रशासन का कहना है कि पानी छोड़ने से पहले ही किसानों को चेतावनी दे दी गई थी कि जिन किसानों को पानी की आवश्यकता नहीं है वह खेतों में पानी पहुंचने के रास्ते बंद कर लें इसके बाद भी किसानों ने रास्ते बंद नहीं किए जिसके कारण नहरों में छोड़ा गया पानी किसानों के खेतों में घुस गया। हलाली बांध के डी-4 और डी-1 नहर में छोड़े गए पानी के कारण किसान हिम्मत सिंह रघुवंशी दीताखेड़ी का 8 बीघा का खेत पानी से लबालब हो गया। किसान का कहना है कि खेत में करीब 100 क्विंटल की उपज सूखने के लिए पड़ी थी जो पूरी गीली हो चुकी है अब पूरी उपज खराब हो जाएगी।

किसानों ने बताया कि अभी किसी किसान को पलेवा के लिए पानी की आवश्यकता नहीं है। क्योंकि खेत में धान की फसल खड़ी है या खेत में सूख रही है। ग्राम अमऊखेड़ी, कोठीचार खुर्द, दीताखेड़ी, देवखजूरी, दुपारिया, सांकलखेड़ा कलां, दुलई के किसानों ने नहर बंद करने की मांग की है। प्रशासनिक अधिकारी इसे किसानों की लापरवाही बता रहे और किसान प्रशासनिक अधिकारियों की जल्दबाजी के कारण नुकसान होने की बात कह रहे हैं। किसानों ने प्रशासन से मुआवजा देने की मांग की है।

### शहर के विकास को लेकर परिचर्चा कल

**विदिशा।** सोमवार को दोपहर 3 बजे एसएटीआई कॉलेज के स्मार्ट क्लासरूम में विकसित शहर परिकल्पना परिचर्चा आयोजित होगी। सावरकर बाल विहार कल्याण समिति अध्यक्ष सचिन तिवारी के अनुसार आयोजित इस कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण, नशा रोकथाम, हरित क्षेत्र विस्तार, स्वच्छता, साइबर क्राइम जागरूकता, अतिक्रमण और पार्किंग प्रबंधन जैसे विषयों पर मंथन किया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी और शहर के जिम्मेदार नागरिकों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

### मीणा समाज संगठन का स्थापना दिवस आज

**विदिशा।** मीणा समाज शक्ति संगठन का 17वां स्थापना दिवस आज रविवार को भोपाल में मनाया जाएगा। कार्यक्रम में समाज की प्रतिभाओं का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम भोपाल स्थित गांधी भवन पॉलिटेक्निक चौराह पर सुबह 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक होगा। कार्यक्रम में ऐसी प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा जिन्होंने छोटे उद्यमों या प्राइवेट सेक्टर में कार्य कर अपने परिवार को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है और समाज का नाम रोशन किया है। साथ ही कक्षा 10वीं और 12वीं में 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंद्र सिंह परमार शामिल होंगे।

## तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलटा, शिक्षिका घायल

**बोली: लेट हो जाती तो उपस्थिति दर्ज नहीं हो पाती**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| विदिशा

जिले में जून माह से लागू ई-अटेंडेंस प्रणाली शिक्षकों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। समय पर स्कूल पहुंचकर मोबाइल एप के जरिए उपस्थिति दर्ज कराने की अनिवार्यता के चलते कई शिक्षक जल्दबाजी में दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं।

इस व्यवस्था के कारण शिक्षक सुबह निर्धारित समय पर स्कूल पहुंचने की हड़बड़ी में तेज गति से वाहन चलाते हैं। इसी जल्दबाजी में बीते कुछ समय से सड़क दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ी है। शनिवार को एक ऐसी ही घटना नीमताल गांधी चौक पर हुई, जहां ई-अटेंडेंस के लिए स्कूल जा रहा एक ऑटो तेज रफ्तार में पलट गया। हादसे में उत्कृष्ट विद्यालय की ममता चौधरी और एमएलबी स्कूल की मनीषा राजपूत गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें श्रीराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला का कहना है कि यदि में लेट हो जाती तो उपस्थिति दर्ज नहीं हो पाती।

बताया गया है कि पिछले 15 दिनों के भीतर जिले में लगभग 8 शिक्षक स्कूल पहुंचने की जल्दबाजी में दुर्घटना का शिकार हुए हैं। शिक्षकों का कहना है कि वे घर से समय पर निकलते हैं, लेकिन ट्रैफिक या खराब सड़कों के कारण देरी हो जाती है, जिससे उनकी उपस्थिति दर्ज नहीं हो पाती।

**कुरवाई पुलिस की बड़ी कार्रवाई**

## 404 लीटर अवैध शराब के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| विदिशा

- जब्त सामग्री का कुल मूल्य 10 लाख 76 हजार आंका गया है।

कुरवाई पुलिस ने शुक्रवार को बड़ी सफलता हासिल की। कार्रवाई में भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

7 नवंबर को कुरवाई पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मंडी बामौरा की ओर से एक सफेद रंग की बोलेरो पिकअप में बड़ी मात्रा में अवैध शराब ले जाई जा रही है तथा उसके आगे-पीछे एक बाइक भी चल रही है। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज गीते ने पुलिस टीम के साथ बीना रोड पर घेराबंदी की और दोनों वाहनों को रोक लिया। तलाशी के दौरान बोलेरो पिकअप से 45 पेटी में भरी कुल 404 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की। पुलिस ने मौके से 3 आरोपी मनोज पिता झब्बू चिढ़ार निवासी सीहोरा, छोटू ठाकुर पिता हनुमंत निवासी सीहोरा, इरफान खान पिता अनीस खान निवासी मंडी बामौरा को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान 45 पेटी अंग्रेजी शराब सहित बोलेरो पिकअप वाहन एक बाइक जब्त की गई है।

### पुरुष वर्ग में लटेरी कॉलेज विजेता, एलबीएस कॉलेज उपविजेता, महिला वर्ग में जैन कॉलेज की टीम जीती

**विदिशा।** गर्ल्स कॉलेज में जिला स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन व्हॉलीबॉल टूर्नामेंट का उत्साहपूर्ण आयोजन सम्पन्न हुआ।

समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में विधायक मुकेश टंडन ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में खेलों के क्षेत्र में अभूतपूर्व अवसर मिल रहे हैं, और बेटियां हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग की दो एवं महिला वर्ग की चार टीमों ने भाग लिया। पुरुष वर्ग में शासकीय महाविद्यालय लटेरी विजेता एवं एलबीएस महाविद्यालय गंजबासौदा उपविजेता रहे। महिला वर्ग में जैन कॉलेज विजेता तथा आरवीएस शासकीय महाविद्यालय उपविजेता बने। प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एलईडी प्रसारण व्यवस्था की मांग रखी, जिसे विधायक ने विधायक निधि से स्वीकृत किया।

## महिला से मारपीट, न्याय की गुहार लेकर थाने पहुंचे पीड़ित, दोनों पक्षों पर मुकदमा दर्ज हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ग्यारसपुर

ग्राम पंचायत झिरनिया के आमखेड़ा गांव में दो पक्षों में विवाद हो गया।

एक महिला विनीता बाई कंट्रोल की दुकान से गेहूं लेकर घर लौट रही थी। रास्ते में थकान के कारण उसने अपना सामान ग्राम निवासी नर्मदा प्रसाद शर्मा के घर के सामने रख दिया, जिस पर नाराज़ होकर शर्मा ने महिला को गालियां दीं और उसके साथ मारपीट कर दी। पीड़िता ने बताया कि जब वह अपने परिजनों के साथ रिपोर्ट दर्ज कराने ग्यारसपुर थाने पहुंची और लौट रही थी, तभी रास्ते में आरोपियों ने गाड़ी रोककर दोबारा हमला कर दिया। हमले में महिला समेत उसके परिजन घायल हो गए। शनिवार को पीड़िता दर्जनों लोगों के साथ थाने पहुंची और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। बताया गया कि रायसेन जिले से भी समाजजन ग्यारसपुर पहुंचे और न्याय की गुहार लगाई। इस पर थाना प्रभारी सीमा राय ने बताया कि पुलिस ने दोनों पक्षों पर मारपीट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

## बसस्टैंड से सब्जी मंडी तक अतिक्रमण हटाया पहले दिन समझाइश दी, आज से होगी सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| विदिशा



नगरपालिका और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने शहर में अतिक्रमण विरोधी अभियान को पुनः शुरू किया।

शनिवार को अभियान के पहले दिन बसस्टैंड से सब्जी मंडी तक सड़क किनारे लगाए गए ठेले, अवैध पार्किंग और दुकानों के बाहर रखा सामान हटवाया गया। अधिकारियों ने दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी कि दोबारा अतिक्रमण पाए जाने पर चालान और जब्ती की सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान कुछ स्थानों पर लोगों से बहस भी हुई। यातायात थाना प्रभारी आशीष राय ने बताया कि इन क्षेत्रों में अव्यवस्थित पार्किंग और अतिक्रमण से अक्सर जाम की स्थिति बनती है। पहले दिन केवल समझाइश दी गई है, लेकिन रविवार से सख्त कार्रवाई शुरू होगी। शहर के माधवगंज, बड़ा बाजार, सब्जी मंडी और बसस्टैंड क्षेत्र में लंबे समय से अव्यवस्थित यातायात की समस्या बनी हुई है। प्रशासन का कहना है कि अब यह अभियान नियमित रूप से चलाया जाएगा, हालांकि स्थानीय लोग इसकी निरंतरता पर सवाल उठाते हैं।

### सांदीपनि विद्यालय में वंदे मातरम गायन हुआ

**कुरवाई।** स्थानीय सांदीपनि विद्यालय कुरवाई में राष्टीय गीत की 150वीं वर्षगांठ पर उत्साह पूर्वक सामूहिक वंदे मातरम गायन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक हरिसिंह सप्रे जन भागीदारी समिति शासकीय कॉलेज कुरवाई के अध्यक्ष सीताराम सैनी सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं स्कूल प्राचार्य मौजूद रहे। सामूहिक राष्टगीत का विद्यार्थियों द्वारा संगीत मय गायन किया गया। इस अवसर पर विधायक हरिसिंह सप्रे द्वारा छात्रों को संबोधित कर उनमें राष्ट्र प्रेम एवं संस्कारित शिक्षा प्राप्त करने का आव्हान किया। उन्होनें कहा हमें अपने इतिहास को न भुलते हुए भारत के विकास में योगदान देना है। सामूहिक राष्टगीत के बाद छात्रों ने सीधे प्रसारण के माध्यम से प्रधानमंत्री के उद्बोधान को देखा।

## ग्रामीणों के विरोध के बीच वनभूमि से अतिक्रमण हटाने कार्रवाई: ट्रैक्टर जब्त किया, आरोपी फरार

**जब वन विभाग की टीम ट्रैक्टर को शमशाबाद रेंज ले जाने लगी, तो ग्रामीणों ने महिलाओं को आगे कर दिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| विदिशा

शमशाबाद में वन विभाग ने वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण के प्रयास को विफल करते हुए एक ट्रैक्टर जब्त किया है।



बासौदा, सिरोंज और सतपाड़ा के वन अमला मिलकर ट्रैक्टर को वन परिक्षेत्र कार्यालय शमशाबाद ला पाया। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रह है।

यह कार्रवाई शुक्रवार रात करमेड़ी गांव में हुई, जहां वन विभाग को अवैध कब्जे की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही वन विभाग ने टीम बनाकर मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। वन परिक्षेत्र शमशाबाद की बीट करमेड़ी के कक्ष क्रमांक 265 में अतिक्रमण रोकने के लिए यह बड़ी कार्रवाई की गई। इस दौरान आरोपी कंदहई को वन भूमि पर अवैध कार्य करते हुए पाया गया। विभाग ने मौके से ट्रैक्टर को पंजे सहित जब्त कर वन अपराध दर्ज किया। कार्रवाई वनमंडलाधिकारी हेमंत यादव के मार्गदर्शन और वन परिक्षेत्र अधिकारी संगीता अमलतास के निर्देशन में की गई। विशेष टीम ग्राम नौरिया पहुंची, जहां वन भूमि पर अतिक्रमण करते हुए एक ट्रैक्टर मिला। टीम ने ट्रैक्टर को पकड़ा, लेकिन उसका चालक मौके से फरार हो गया। जब वन विभाग की टीम ट्रैक्टर को शमशाबाद रेंज ले जाने लगी तो ग्रामीणों ने महिलाओं को आगे कर विरोध प्रदर्शन किया और ट्रैक्टर को ले जाने से रोका। काफी प्रयासों के बाद टीम ट्रैक्टर को डबरी नाका तक ले जा पाई।

**राष्ट्र सेविका समिति का मातृशक्ति पथ संचलन 'ज्योस्तुते' निकाला गया**

# गणवेश में कदमताल करते निकली स्वयंसेविकाएं

- जगह जगह पुष्पवर्षा कर पथ संचलन का स्वागत किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| विदिशा

राष्ट्र सेविका समिति ने शनिवार को 'मातृशक्ति पथ संचलन ज्योस्तुते' का आयोजन किया। यह संचलन सरस्वती शिशु मंदिर तलैया से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरा और समापन पुनः सरस्वती शिशु मंदिर तलैया में हुआ।



विदिशा। पथ संचलन में बड़ी संख्या में महिला गणवेश के साथ शामिल हुईं।

इस संचलन में सफेद गणवेश और दंड धारण किए सैकड़ों स्वयंसेविकाएं अनुशासित पंक्तियों में कदमताल करती नजर आईं। नगर में जगह-जगह नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। संचलन रीठाफाटक, बजरिया, लोहा बाजार, बड़ा बाजार, तिलक चौक, निकासा रोड, थाना कोतवाली, माधव चौराह और मटके वाली गली जैसे प्रमुख मार्गों से गुजरा। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ स्वच्छता सहायिका रामकुंवर लोहाट ने की। मुख्य वक्ता डॉ. पिंकेशलता रघुवंशी, विभाग कार्यवाहिका ने उपस्थित बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र सेविका समिति महिला अधिकारों से अधिक महिला कर्तव्यों पर बल देती है। उन्होंने बताया कि समिति समाज में मातृत्व, नेतृत्व और कृतित्व के तीन सूत्रों पर कार्य कर रही है।

डॉ. रघुवंशी ने आगे कहा कि समिति सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन और नागरिक कर्तव्य जैसे विषयों पर पंच परिवर्तन के माध्यम से जनजागरण कर रही है। उन्होंने पॉलीथिन बंद करो, पेड़ लगाओ और पानी बचाओ को मातृशक्ति से जोड़ते हुए बताया कि महिलाएं इन कार्यों को समाज में बेहतर तरीके से कर सकती हैं। नगर कार्यवाहिका आशा बघेल ने जानकारी दी कि 'ज्योस्तुते पथ संचलन' का यह सातवां वर्ष है। यह कार्यक्रम 'शक्ति सप्ताह' के समापन के अवसर पर आयोजित किया गया, जिसमें बासौदा और सिरोंज की सेविकाओं ने भी भाग लिया। जिला सह कार्यवाहिका राजबाला बघेल ने बताया कि समिति वर्तमान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के साथ अपने 90 वर्ष पूर्ण होने का पर्व मना रही है। यह वर्ष राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ का भी प्रतीक है।

### गुड टच-बैड टच और साइबर सुरक्षा पर छात्रों को दी जानकारी

**विदिशा।** जिले में ऑपरेशन मुस्कान विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। विभिन्न विद्यालयों में बाल सुरक्षा संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को गुड टच-बैड टच की जानकारी, साइबर अपराध से बचाव, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा डायल 112 और महिला हेल्पलाइन 1090 जैसी सेवाओं के बारे में अवगत कराया जा रहा है। प्रोजेक्टर के माध्यम से शैक्षणिक फिल्में दिखाकर आत्मरक्षा और ऑनलाइन सुरक्षा के व्यावहारिक उपाय भी समझाए गए। पुलिस टीमों ने बच्चों से किसी भी संदिग्ध घटना की तुरंत सूचना देने की अपील की। अब तक 5 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों को इस अभियान के माध्यम से जागरूक किया जा चुका है।



### 11 को मनाई जाएगी स्व. शर्मा की पुण्यतिथि

**विदिशा।** शनिवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ट्रस्ट की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि स्वतंत्रता सेनानी स्व. रघुवीर चरण शर्मा की पुण्यतिथि 11 नवम्बर को विविध कार्यक्रमों के साथ मनाई जाएगी। पौधरोपण, पुष्पांजलि, निराश्रित भोजन तथा भाषण प्रतियोगिता आयोजित होगी। कार्यक्रम संचालन हेतु 4 सदस्यीय उपसमिति गठित की गई।



## खबर संक्षेप

### विधिक साक्षरता शिविर संपन्न

**गंज बासौदा।** तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में ग्राम पंचायत स्वरूप नगर में शनिवार को मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन साक्षी प्रसाद प्रथम व्यवहार न्यायधीश कनिष्ठ खंड एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी की उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत से हुआ। कार्यक्रम में मध्यस्थता की प्रक्रिया का महत्व बताते हुए कहा गया कि वैवाहिक विवाद,धन वसूली, किराएदारी के विवाद, मोटर दुघर्टना, चेक अनादरण आदि का कम खर्च में शीघ्र निपटारा किया जा सकता है। कार्यक्रम में एडवोकेट संजीव कुमार अरोरा, सरपंच रामनारायण मीणा, लखन सिंह कुशवाहा, शीतल शर्मा, पंचायत सचिव मनोरमा शर्मा, सीता गुप्ता, रश्मि चौरसिया, प्रियंका उपाध्याय, प्रियंका चौहान, वर्षा सोनी, रोजगार सहायक नेहा चतुर्वेदी, प्रदीप शर्मा, आशीष कटारे, जीवन मोंगिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट संजीव कुमार अरोरा ने किया।

### शिखरचंद जैन का निधन



**गंजबासौदा।** सेवानिवृत्त शिक्षक शिखरचंद जैन (बाबूजी) का शनिवार को 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका देहावसान एक युग के उद्देश्यों से भरी शिक्षा यात्रा का पूर्ण विराम था। स्वर्गीय बाबूजी पत्रकार राजेश जैन, राकेश, प्रवीण और अरविंद जैन के पिताजी थे। जबकि साहित्यकार एड चंद्रकुमार तारण के बड़े भाई थे। पारासरी मुक्तिधाम पर जब उनकी अंतिम यात्रा पहुंची, तो नगर का हर हृदय श्रद्धा से झुक गया। जहाँ उनके चारों पुत्रों ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने दो मिनिट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की।

## नदी में ट्यूब पर बैठकर मछुआरे पकड़ रहे मछलियां ......



गंजबासौदा। नगर की जीवन दायिनी कहलाने वाली वेतवा नदी के गंज पुल पर एक साथ करीब एक दर्जन मछुआरे नदी में मछली पकड़ने के लिए जाल लेकर ट्यूब के सहारे नदी में उतरे।

## संतों ने किया राधा सत्संग भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



मानस भवन परिसर में श्री रामायण मंडल ट्रस्ट के तत्वावधान में निर्मित किए गए नगर के धार्मिक एवं सांस्कृतिक जीवन को नई ऊंचाई देने वाले भव्य राधा कृष्ण भवन का लोकार्पण संतों की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी प्रज्ञा भारती ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आत्मिक मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आध्यात्मिक केन्द्र नगर के सामाजिक जीवन में सद्भाव और संस्कार का संचार करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमहंत राममनोहर दास नौलखी खालसा ने करते हुए कहा कि यह भवन केवल ईंट-पत्थरों से नहीं, बल्कि श्रद्धा और सेवा से निर्मित हुआ है। विशेष अतिथि के रूप में पं. केशव शास्त्री, डॉ. सुरेश मोहन तिवारी उपस्थित थे। इस मौके पर श्रीरामायण मंडल ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने भवन निर्माण की पूरी यात्रा का उल्लेख किया। कार्यक्रम के लोकार्पण समारोह में वेदांत आश्रम के महंत हरिहर दास महाराज, रामायण मंडल ट्रस्ट के अध्यक्ष मदन मोहन तिवारी एडवोकेट, कोषाध्यक्ष गोविन्द नारायण खण्डेलवाल, बृज किशोर सुहाने, पूर्व अध्यक्ष कांति भाई शाह सहित ट्रस्ट के अन्य सदस्य मौजूद थे। समारोह में नगर के संत, समाजसेवी, व्यापारी एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। भवन परिसर में आरती, प्रसाद वितरण और सत्संग के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### अधिकारी नहीं दे रहे सुरक्षा पर ध्यान, ग्रामीणों को हो रही है चिंता

# टेलीकॉम कंपनी सड़क पर ही डाल रही है मिट्टी, हो सकता है हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के समीपस्थ ग्राम गंज में टेलीकॉम कंपनी द्वारा सड़क किनारे गड्ढे खोदकर पाइप लाइन डालने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान टेलीकॉम कंपनी के कर्मचारियों द्वारा भारी लापरवाही बरती जा रही है। कंपनी कर्मचारियों द्वारा केबल लाइन के लिए नाली खोदने के बाद निकली मिट्टी को सडक पर ही डाला जा रहा है। जिससे सडक पर वाहनों का आवागमन प्रभावित हो रहा है और तेज गति से चलते वाहनों के कारण कभी भी कोई गंभीर हादसा हो सकता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इन दिनों टेलीकॉम कंपनियों द्वारा नगर के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आप्टिकल फाइबर लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। जिसके तहत कंपनी कर्मचारियों द्वारा सडक किनारे गहरी नाली खोदकर फाइबर लाइन बिछाई जा रही है



और फिर नाली को वापस मिट्टी डालकर पूरा जाता है। नगर से सटे ग्राम गंज में भी बासौदा अंबानगर मुख्य मार्ग के किनारे से टेलीकॉम कंपनी द्वारा गहरी नाली खोदकर लाइन बिछाई जा रही है, लेकिन यहां कंपनी कर्मचारी बेहद ही लापरवाही बरत रहे हैं और उनकी यह लापरवाही गंभीर हादसे का कारण बन सकती है।

ग्राम गंज के रहवासियों ने बताया कि टेलीकॉम कंपनी के कर्मचारियों ने लाइन बिछाने के लिए गहरी नालियां तो खोद दी हैं और इन नालियों से बडी मात्रा में निकली मिट्टी को गांव या खेतों की ओर न डालकर मुख्य मार्ग पर डाल दिया गया है। जिससे मार्ग की चौडाई कम हो गई है और यहां से वाहनों का यातायात प्रभावित हो रहा है।

ग्राम के गंधर्व सिंह, पंकज पटेल, संतोष, राजू आदि ने बताया कि इस मुख्य मार्ग पर दो पहिया वाहन ही नहीं भारी वाहन भी चलते हैं और रात में सडक सूनी होने पर काफी तेज गति से वाहनों का आवागमन होता है। ऐसे में सडक पर डाली गई मिट्टी के कारण कभी भी कोई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो सकता है। दूसरी ओर कंपनी प्रबंधन ने कुछ हिस्सों में नाली खोदकर लाइन भी बिछा दी है, लेकिन नालियों को अभी तक पूरा नहीं गया है। जिससे खुली पडी गहरी नालियां भी हादसे का कारण बन सकती हैं। क्योंकि ग्राम की अधिकांश आबादी मुख्य मार्ग के आसपास ही रहती है और यहां स्कूल, आंगनबाडी भी हैं जिससे बच्चे भी इन नालियों के आसपास की खेलते रहते हैं। वहीं मवेशी भी गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो सकते हैं। ग्रामीणों ने इस संबंध में कंपनी कर्मचारियों और प्रशासन को भी जानकारी दी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। गंज के रहवासियों ने टेलीकॉम कंपनी से आप्टिकल फाइबर लाइन डालने के बाद तुरंत ही खोदे गए गड्ढों का सही ढंग से पुराव कराए जाने की मांग की है। जिससे किसी भी तरह का हादसा घटित होने की आशंका न रहे। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से भी संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

## सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विकासखंड में 7 नवंबर से ग्राम पंचायत सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ एक साथ आठ ग्राम पंचायत में हुआ। इस दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर रस्साकशी, लेमन रेस, चेयर रेस का आयोजन कराया गया। आयोजन स्थल पर विकासखंड के खेल शिक्षकों ने पहुंचकर प्रतियोगिताएं आयोजित करवाईं। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ जनपद सीईओ, विकासखंड खेल समन्वयक, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, सरपंच एवं सचिव, रोजगार सहायक, खेल शिक्षक स्वतंत्र कुमार जैन, कपिल गौड़, मलखान बघेल, धनबीर राजपूत, राहुल विश्वकर्मा, रूबी मंसूरी, चेतन माथुर की उपस्थिति में हुआ। जिसमें ग्रामवासी, स्कूली छात्र, छात्राएं, विद्यालयीन स्टाफ मौजूद रहा।

## पुस्तक विक्रेता संघ का मिलन समारोह आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को विद्याश्री लॉज में पुस्तक विक्रेता संघ द्वारा मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें अतिथि के रूप में व्यापार महासंघ के संरक्षक सत्यपाल तनवानी, निर्मल कुमार जैन, देवेंद्र वर्मा, अनिल अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष मनोज डागा, वरिष्ठ व्यवसायी सुरेश अरोरा, संघ के वरिष्ठ सदस्य रामकिशन नेमा सहित व्यापार महासंघ के महामंत्री मुकेश अरोरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय जैन, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अभिकांत वर्मा, कोषाध्यक्ष अशोक जैन, सदस्य सुरेश तनवानी, देवराज सिंह राजपूत, सावन अग्रवाल, मयंक टांक मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में पुस्तक विक्रेता संघ के अध्यक्ष धीरज अरोरा ने आयोजन की रूप रेखा रखते हुए अपने संघ की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम को संरक्षक देवेंद्र वर्मा, पूर्व अध्यक्ष मनोज डागा ने संबोधित करते हुए अपने अनुभव साझा किये। इस मौके पर अतुल शर्मा, अंकुश महलवार, नवीन भंडारी, नीलमणि शर्मा, प्रवीण जैन, संजीव भंडारी, आकाश शर्मा, राजेश शर्मा ,सुरेंद्र राजपूत, नीरज गुप्ता, कैलाश बैरागी, दामोदर चतुर्वेदी सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शुभम राय ने एवं आभार संघ के सचिव अनूप जैन ने व्यक्त किया।

### मैत्री खो-खो खेल प्रतियोगिता आयोजित

**गंजबासौदा।** शासकीय एसजीएस पीजी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में तथा महाविद्यालय के कीड़ा अधिकारी अभिषेक सिंह के नेतृत्व में भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के समापन वर्ष के उपलक्ष्य में महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक खेल खो-खो का आयोजन किया गया। यह खेल एसजीएस महाविद्यालय एवं एलबीएस महाविद्यालय की पुरुष व महिला वर्ग के खिलाड़ियों द्वारा मैत्री मैच के रुप में आयोजित किया गया। इस मैच के प्रमुख खिलाड़ियों में पलक राजपूत, कार्तिक, विवेक कुशवाहा, दीप्ति धोहरे, रानू विश्वकर्मा आदि शामिल हुए। इस मैत्री मैच आयोजन में महाविद्यालय के कीड़ा अधिकारी अभिषेक सिंह के साथ-साथ एलबीएस महाविद्यालय के कीड़ा अधिकारी मनीष अहिरवार उपस्थित रहे। मैच के उपरांत सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया तथा शुभकामनाएं दी गईं।



## पीएटी परीक्षा में नवांकुर विद्यापीठ के 11 विद्यार्थियों का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



मध्य प्रदेश पीएटी परीक्षा 2025 में नवांकुर के 11 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। इन विद्यार्थियों में 8 विद्यार्थियों ने वर्तमान हायर सेकेंडरी परीक्षा उत्तीर्ण की है, जबकि 3 विद्यार्थियों ने एक साल का गैप लेकर इस परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। चयनित विद्यार्थियों में क्षमा पुत्री आशुतोष शर्मा (116,91% अंक) कृषि महाविद्यालय, अमित पुत्र प्रेमसिंह प्रजापति (106,75% अंक) कृषि महाविद्यालय, मोनू पुत्र कमल सिंह दांगी (98.66% अंक) कृषि महाविद्यालय खुरई, नैनी पुत्री सुनील दांगी (97.75%अंक) कृषि महाविद्यालय, जानकी पुत्री नरेश रघुवंशी (95.33% अंक) कृषि महाविद्यालय, रिषिका पुत्री मुकेश रघुवंशी (95.20 प्रतिशत अंक) कृषि महाविद्यालय, आयुषी पुत्री कमर सिंह दांगी (88.12% अंक) हॉर्टिकल्चर महाविद्यालय रेहली , कशिश पुत्री विष्णु रघुवंशी (81.12% अंक) कृषि महाविद्यालय, राशि पुत्री राजेश कुमार तिवारी (76.04%अंक) हॉर्टिकल्चर महाविद्यालय मंदसौर, माही पुत्री महेंद्र सिंह रघुवंशी (73.66% अंक) कृषि महाविद्यालय वारासिवनी बालाघाट, प्रियांशी पुत्री देवकी नंदन दुबे (71.75% अंक) हॉर्टिकल्चर महाविद्यालय रेहली में प्रवेश के लिए संस्थान निश्चित किए गए हैं। उपर्युक्त विद्यार्थियों में से अमित प्रजापति, जानकी रघुवंशी और रिषिका रघुवंशी ने 1 साल का गैप लेकर यह परीक्षा उत्तीर्ण की है। यहां उल्लेखनीय है कि जब से नवांकुर विद्यापीठ में कृषि विज्ञान संकाय की शुरुआत हुई है। तभी से विद्यार्थी इस परीक्षा में निरंतर सफलता हासिल कर रहे हैं। सन 2020 में दो विद्यार्थियों ने, 2021 में 9 विद्यार्थियों ने, 2022 में 11 विद्यार्थियों ने, 2023 में 8 विद्यार्थियों ने और सन 2024 में 7 विद्यार्थियों ने मध्य प्रदेश पीएटी परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। उपर्युक्त विद्यार्थियों की सफलता में विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित का नेतृत्व और मार्गदर्शन तथा कृषि विभाग के व्याख्याता दीपक शर्मा की सतत लगन और मेहनत का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। शिक्षक दीपक शर्मा विद्यार्थियों के साथ निरंतर कठोर परिश्रम करते हैं। नवांकुर विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### वेदांत विदुषी प्रज्ञा भारती द्वारा दिए गए प्रवचन

# तीन दिवसीय आध्यात्मिक प्रवचनों का हुआ समापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भक्ति, आस्था और आदर्श जीवन का संदेश देते हुए सनातन धर्म की गौरव गाथा के आदर्शों से आलोकित भक्तिभाव से सराबोर तीन दिवसीय आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला का समापन जनमानस के हृदय को छू गया। संत वाणी की गूंज ने यह संदेश दिया कि भारत की आत्मा भक्ति और मर्यादा में बसती है जहाँ जीवन का अर्थ ईश्वर से जुड़ना और कर्म का उद्देश्य धर्म की ज्योति जलाना है। मानस भवन में रामायण मंडल ट्रस्ट एवं स्वर्गीय माधव प्रसाद तिवारी की स्मृति में उनके परिजनों द्वारा आयोजित हुए भक्ति की मंदाकिनी में स्नान कराता, आस्था की ज्योति से आलोकित तीन दिवसीय आध्यात्मिक प्रवचन का समापन हो गया। वेदांत विदुषी स्वामी प्रज्ञा भारती ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत भूमि व्यवस्थावान नहीं, आस्थावान है। यह भूमि व्यवस्था से नहीं, भक्ति और श्रद्धा से चलती है। उन्होंने कहा कि भारत में जन्म लेना ही परम सौभाग्य है, क्योंकि यही वह पवित्र भूमि है जहाँ राम और कृष्ण जैसे दिव्य अवतारों ने जन्म लेकर धर्म, नीति और मर्यादा की स्थापना की।

तुलसीदास और मीराबाई जैसे कई महान संतों ने व्यवस्था नहीं, आस्था के बल पर ईश्वर को पाया। आज आवश्यकता है कि हम अपने चिंतन को भारत की भक्ति परंपरा से जोड़ें, न कि पश्चिमी व्यवस्था से। उन्होंने आगे कहा कि आज के समय में दुर्भाग्य यह है कि हम अपने आप को हिंदू कहने में संकोच करते हैं, जबकि यही हमारी पहचान, हमारी जड़ और हमारी संस्कृति है। उन्होंने कहा कि राम कोई व्यक्ति नहीं, बल्कि व्यक्तित्व हैं। नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि रामचरितमानस में जो मर्यादा और पवित्रता मिलती है, वह किसी अन्य ग्रंथ में नहीं है। मानस के प्रत्येक प्रसंग में धर्म और आचरण की गहराई दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि संत चलते-फिरते तीर्थ हैं, संत दर्शन मात्र से ही तीर्थफल की प्राप्ति होती है। वेदांत आश्रम के महंत हरिहर दास महाराज ने कहा कि तीन दिवसीय प्रवचन श्रृंखला ने जनमानस में नई चेतना और सनातन आस्था का संचार किया है। यह आयोजन केवल प्रवचन या आध्यात्मिक मार्गदर्शन का माध्यम ही नहीं बना, बल्कि समाज में धर्म, भक्ति और जीवन-मूल्यों को पुनः प्रतिष्ठित करने का कार्य भी किया है। कार्यक्रम का संचालन पं. केशव शास्त्री ने एवं आभार डॉ एस एन तिवारी ने व्यक्त किया।

## ओल्ड स्टार ने एंपीयर टाइगर को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के वरिष्ठ क्रिकेटर स्वर्गीय कपिल तिवारी की स्मृति में आयोजित हो रहे लीजेंड् क्रिकेट सीजन-1 का रोमांच अब अपने चरम पर है, 12 टीमों के बीच खेले जा रहे लीग मैचों अब तक छह टीमों ने अपने तीन तीन मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया। रविवार को खेले जाने वाले मैच दो टीमों के लिए अपना स्थान सुनिश्चित करेंगी।

क्योंकि शेष रही टीमों को नेट रनरेट से ही अगले चरण में प्रवेश मिलेगा, ऐसे में लगातार मैच हार रही कुछ टीम दूसरी टीमों के समीकरण को बिगाड़ने का भी प्रयास करेंगी। शनिवार को इस क्रिकेट टूर्नामेंट में तीन मुकाबले खेले गए जिसमें महलवार 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 108 रनों का स्कोर बनाया जवाब में राइजिंग स्टार की टीम ने यह लक्ष्य आठ ओवर में ही हासिल कर लिया। जिसमें टीम के कप्तान अब्दुल करीम की 33 रनों की नाबाद पारी रही। टूर्नामेंट का दूसरा मैच एंपीयर टाइगर और ओल्ड स्टार के बीच खेला गया जिसमें ओल्ड स्टार की टीम ने 9 विकेट से मैच अपने नाम किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एंपीयर टाइगर की टीम ने 10 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 109 रन बनाए, जवाब में ओल्ड स्टार की टीम ने एक विकेट खोकर यह लक्ष्य हासिल कर लिया। जिसमें सुमित अग्रवाल द्वारा शानदार 36 रनों की पारी खेली गई।



तीसरा मैच आफको रियल स्टेट और आशु लायंस के बीच खेला गया आफको रियल स्टेट की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 133 रन बनाए जिसमें ओपनर बल्लेबाज हीरेंद्र यादव ने नौ छक्कों और तीन चौकों की मदद से 32 गेंद पर शानदार 80 रनों की तेज तर्रार पारी खेली। आशु लायंस की टीम 10 ओवर में मात्र 106 रन ही बना पाई और आफको रियल स्टेट की टीम ने 23 रनों से यह मुकाबला अपने नाम कर लिया। इसके साथ ही ग्रुप ए की चार टीमों ने क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बनाई है जिसमें खेड़ापति 11, ओल्ड स्टार, राइजिंग स्टार और महलवाला इंटरनेशनल टीम शामिल है, ग्रुप बी में अब तक आफको रियल एस्टेट और बासौदा 11 ने अपनी जगह सुनिश्चित की है टूर्नामेंट के प्रथम चरण में एक-एक मैच शेष टीमों के बचे हुए हैं इनमें से जो भी टीम अच्छी रन रेट से जीतती है तो वह क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी।

### होंगी रक्तदान जागरूकता प्रतियोगिताएं

**गंजबासौदा।** रक्त सेवा समिति द्वारा विद्यालय स्तर पर रक्तदान जागरूकता हेतु विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाऐंगी। 10 से 20 नवंबर तक चलने वाली इन प्रतियोगिताओं में भाषण, क्विज, निबंध (2500 शब्द), रंगोली, चित्रकला, पोस्टर मेकिंग आदि शामिल हैं। समिति के संस्थापक राजेश तिवारी ने बताया कि हमारा उद्देश्य सिर्फ रक्तदान को बढ़ावा देने के साथ, युवा वर्ग में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को जागृत करना है। इस वर्ष रजत जयंती वर्ष में 20 नवंबर तक सभी प्रतियोगिता आयोजित कर, सभी प्रतिभागियों की सूची समिति में जमा करनी है और प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेताओं को सार्वजनिक रूप से कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। समिति ने वर्ष के अंत तक रक्तदान शिविरों की संख्या बढ़ाने और ग्रामीण क्षेत्रों में भी जागरूकता कार्यक्रम चलाने की योजना बनाई है तथा सभी विद्यालयों से सहयोग की अपेक्षा की है।

पुलिस और दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया

# मकान में रखे पटाखों में भीषण आग धमाकों से मचा हड़कंप, टला हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गढाकोटा

सागर जिले के गढाकोटा नगर से एक बड़ी खबर सामने आई है। जहां शुक्रवार की शाम बजरंग वार्ड स्थित एक रहवासी मकान में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई,जब मकान के ऊपर वाले हिस्से में रखे पटाखों में अचानक आग लग गई। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। जैसे ही मकान में धमाकों की आवाज़ें आने लगीं,पूरे मोहल्ले में भगदड़ मच गई। लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। पड़ोस के दुकानदारों ने एहतियात के तौर पर अपनी दुकानें बंद कर दीं। घटना की जानकारी मिलते ही थाना पुलिस, फायर ब्रिगेड और तहसीलदार महेश दुबे मौके पर पहुंचे। पुलिस व दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि आग फैलने से पहले ही उसे नियंत्रित कर लिया गया,वरना यह घटना एक भीषण विस्फोट और बड़ी अनहोनी का रूप ले सकती थी। इस घटना के बाद नगर में दहशत का माहौल बना रहा। वहीं प्रशासन ने तुरंत सख्त कार्रवाई शुरू की। थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे और तहसीलदार महेश दुबे ने नगर और नदी पार स्थित



तिलक वार्ड में छापेमारी कर तीन स्थानों से बड़ी मात्रा में पटाखे जप्त किए हैं। गढाकोटा प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि रहवासी इलाकों में पटाखों का भंडारण पूरी तरह प्रतिबंधित है। इस तरह की लापरवाही पर अब कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया है।

### कलेक्टर के निर्देश पर अवैध पटाखा भंडारण पर सख्त कार्रवाई

**सागर**। कलेक्टर संदीप जी.आर. के द्वारा निर्देश पर रहवासी क्षेत्र में पटाखों का भंडारण एवं वितरण नहीं होना चाहिए, जिसकी परिप्रेक्ष्य में लगातार मॉनिटरिंग की जाए। इसी परिप्रेक्ष्य में एसडीएम रहली कुलदीप पाराशर के मार्गदर्शन में तहसीलदार रमेश दुबे के द्वारा कार्रवाई की गई। नगर गढ़ाकोटा में रहवासी क्षेत्र में अवैध पटाखा भंडारण के 05 स्थानों पर जांच की गई, जिसमें 03 स्थानों पर अवैध पटाखे बरामद किए गए। जब्ती कार्रवाई तहसीलदार गढ़ाकोटा एवं थाना प्रभारी गढ़ाकोटा, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से की गई।

# वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर भव्य कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज




प्रधानमंत्री के लाइव कार्यक्रम का सामूहिक अवलोकन राष्ट्रीय गीत ह्यवन्दे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर विकासखंड स्तरीय एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय सरस्वती शिशु-विद्या मंदिर विद्यालय में किया गया।

यह कार्यक्रम नगर का मुख्य आकर्षण रहा, जिसमें जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी, विद्यालय परिवार एवं नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं ह्यवन्दे मातरम गान के साथ हुआ। अतिथि परिचय विद्यालय प्राचार्य संजय पाराशर द्वारा किया गया। समारोह में एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा,जनपद जनपद सीईओ आशीष अग्रवाल,बीईओ उमेश सोनी,बीआरसी जितेन्द्र श्रीवास्तव, विद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा,उपाध्यक्ष सरला भार्गव,सचिव नरेन्द्र सिंह दांगी, कोषाध्यक्ष संदीप सिंह बघेल,सहसचिव पंकज श्रीवास्तव, विद्यालय प्राचार्य संजय पाराशर एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान सभी ने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वन्दे मातरम्‌ की 150वीं वर्षगांठ पर संबोधन का लाइव प्रसारण एक साथ देखा।

प्रधानमंत्री के संदेश से छात्र-छात्राएँ एवं शिक्षकगण अत्यंत प्रेरित हुए। वही मुख्य अतिथि एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि ह्यवन्दे मातरम्‌ हमारी राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम में नई ऊर्जा का संचार किया।

अंत में बीईओ उमेश सोनी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह अवसर हम सभी के लिए राष्ट्रभक्ति,एकता और संस्कारों का संदेश लेकर आया है। वही पूरा विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंगों से सजा था और वातावरण वन्दे मातरम्‌ के जयघोष से गूंज उठा।

## कांग्रेस के नेता रघुवंशी के खाते में राशि पहुंची, व्यापारी लौटाई वापस



**सिरोंज**। कृषि उपज मंडी के एक व्यापारी रवि साहू फार्म रवि ट्रेडर्स द्वारा त्रुटिबस कांग्रेस नेता राजेंद्र रघुवंशी विद्रोही के बैंक खाते में आरटीजीएस के द्वारा 97630 रूपये कर दिए थे। ट्रांसफर जिससे कांग्रेस नेता राजेंद्र रघुवंशी विद्रोही द्वारा कृषि उपज मंडी समिति के ऑफिस में मंडी सचिव एल .एन. भिलाला की मौजूदगी में व्यापारी को चेक द्वारा सारी राशि वापिस की। जिस पर मंडी सचिव व व्यापारी रवि साहू द्वारा कांग्रेस नेता का आभार व्यक्त किया गया।

## विकास कार्यों को लेकर विधायक से प्रंशात पालीवाल ने की चर्चा



**सिरोंज**। भाजपा के वरिष्ठ नेता एंव जनपद सदस्य पं प्रशांत पालीवाल ने नगर के तहसील रोड स्थित रेस्ट हाउस में क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा से मुलाकात कर जनपद क्षेत्र ग्राम मुगलसराय के लिए विकास कार्यो को लेकर चर्चा की। जनपद क्षेत्र के विकास कार्यो की मांग करते हुए कहा कि मुगलसराय थाने से सालरी ग्राम तक डामरीकरण मार्ग,रविदास मंदिर बाउंड्रीवॉल मुगलसराय, जानकी मंदिर के पास समुदाय भवन मुगलसराय, शासकीय कॉलेज मुगलसराय आदि की मांग की।

## अधूरे और घटिया निर्माण कार्यों पर फूटा कांग्रेसियों का गुस्सा



**सिरोंज**। नगर के लिंक रोड,कस्टम पथ,मंडी बाईपास रोड,बासौदा नाका,कॉन्वेंट स्कूल से पालीवाल कॉलोनी होते हुए नहर तक के नालों का निर्माण पिछले ढाई वर्ष से अधूरा पड़ा हुआ है। वही जो थोड़ा बहुत निर्माण हुआ है वह भी बहुत ही घटिया किस्म का हुआ है। जिसको लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं नगर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में अधूरे निर्माण कार्यों और शहर में हुए नगर पालिका के लोकार्पण कार्यक्रम में विधायक द्वारा अधूरे कामों का भी लोकार्पण किया गया। इन सब समस्याओं को लेकर और नगर पालिका में चल रहे भ्रष्टाचार और ठेकेदार राज के खिलाफ कांग्रेस ने घटिया निर्माण कार्यों पर और अधूरी स्ट्रीट लाइटों पर नारियल फोड़कर लोकार्पणों का सांकेतिक विरोध दर्ज कराया। इस अवसर पर कांग्रेस जनों ने शीघ्र ही नगर पालिका के कुकर्मों को लेकर बड़ा आंदोलन करने की घोषणा की।

## नगर के तीन वार्डों में हुए सांसद खेल महोत्सव के आयोजन



सिरोंज। नगरपालिका परिषद द्वारा सांसद खेल महोत्सव 30 अक्टूवर से 25 दिसम्वर 2025 का शुभारंभ वार्ड क्रमांक 01, 02 एंव 03 का हाजीपुर स्कूल में किया गया। जिसमें वार्ड के लोगों को खेलों के प्रति जागरूक कर उनको खेल प्रतियोगिताए कराई गई। वही खेलों में रस्सा कसी,लेवन रेस आदि खेलों की प्रतियोगिताए कराई और प्रतियोगिता में 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया। वही प्रतियोगिता स्थल पर 200 व्यक्ति उपस्थित रहें। प्रतियोगिता स्थल पर खेलों में विजयता रहे खिलाडियों को नगरपालिका परिषद द्वारा पुरूष्कार वितरण किए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू,उपाध्यक्ष मनोज शर्मा,नगरपालिका सीएमओ रामप्रकाश साहू,कु. ज्योति दुवे,बद्री प्रसाद शर्मा आदि अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इस मौके पर नगरपालिका सीएमओ रामप्रकाष साहू ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत आगामी तिथि में नगर के सम्पूर्ण वार्डो में उक्त खेल प्रतियोगिताए कराई जावेगी। उक्त कार्यक्रम का आयेजन का मुख्य उद्देष्य वार्ड में निवासरत लोगों को खेलों के प्रति जागरूक करना है।

## मप्र युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव परिणाम घोषित अतीक बने प्रदेश सचिव



**सिरोंज**। जून माह में ऑनलाइन प्रक्रिया से संपन्न हुए भारतीय युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव के परिणाम ऑनलाइन वेबसाइट पर घोषित कर दिए गए है। जिसमें सिरोंज शहर के युवा नेता जनपद सदस्य अतीक मंसूरी को प्रदेश सचिव पद निर्वाचित हुए। वही अतीक मंसूरी कांग्रेस पार्टी के एक सक्रिय कार्यकर्ता माने जाते हैं वर्तमान में युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष पद पर अपनी जिम्मेदारी निभा रहे थे। पूर्व भी अतीक मंसूरी संगठन के निर्वाचित पदों पर रहे हैं। छोटे से ग्राम भोरिया के अतीक मंसूरी छात्र जीवन से ही सक्रिय राजनीति में भूमिका निभा रहा है वो एनएसयूआई 2012 में प्रदेश प्रतिनिधि निर्वाचित हुए थे। वही 2015 में जिला महासचिव निर्वाचित हुए सन 2017 में प्रदेश सचिव एवं 2019 प्रदेश महासचिव पद छात्र संगठन में कार्य कर चुके हैं। साथ ही वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस सिरोंज पद अपनी जिम्मेदारी निभा रहे थे। वही ग्राम पंचायत भौंरिया के उपसरपंच प्रतिनिधित्व की जिम्मेदारी निभा चुके हैं तथा वर्तमान में जिले की सबसे कम उम्र के जनपद सदस्य प्रतिनिधि के रूप में जनता की सेवा में कार्यरत है।

## नायब तहसीलदार ने सार्वजनिक तालाब से मोटर और पाइप हटाए, दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हैदरगढ़

हैदरगढ़ उप तहसील के ग्राम पंचायत मढिया जामुन के ग्राम तालवहेट स्थित प्राचीन मृगन्नाथ तालाब पर अवैध रूप से मोटर लगाकर निजी खेतों में सिंचाई किए जाने का मामला सामने आया। स्थानीय व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक तालाब के पानी से पलेवा करने की सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार राजेंद्र सेन, हल्का पटवारी एवं पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने मोटर और पाइपों को तत्काल हटवाया तथा संबंधित



व्यक्ति को कड़ी चेतावनी दी कि आगे से तालाब का दुरुपयोग न किया जाए। नायब तहसीलदार ने स्पष्ट कहा कि सरकारी तालाब जनता के हित के लिए है, किसी व्यक्ति विशेष की निजी संपत्ति नहीं। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की सख्त कार्रवाई से कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक संसाधनों का दुरुपयोग करने से पहले सोचेगा।

## ग्यारसपुर में हुई मतदाता पुनरीक्षण की मंडल स्तरीय बैठक

**हरिभूमि न्यूज. ग्यारसपुर**। भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में ग्यारसपुर मंडल में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण को लेकर एक महत्वपूर्ण मंडल स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश जादौन एवं मंडल प्रभारी जितेन्द्र मीणा उपस्थित रहे। दोनों वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं के साथ विस्तार से चर्चा करते हुए मतदाता पुनरीक्षण अभियान की रणनीति बताई। प्रभारी मीणा ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती मतदाता जागरूकता से होती है, अतः प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी मतदाता छूटने न पाए, इसके लिए हर घर तक पहुंचकर नामों का परीक्षण किया जाए और जो नए मतदाता हैं, उनके नाम जोड़े जाएं। इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यकर्ता मंडल महामंत्री, बूथ अध्यक्ष, बीएलए सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया कि ग्यारसपुर मंडल शत-प्रतिशत मतदाता सूची पूर्णता का लक्ष्य समय पर पूरा करेगा। बैठक उत्साह, जोश और संगठनात्मक एकजुटता का प्रतीक बनी।

### गुलाबगंज में हुई स्तरीय प्रतियोगिताएं

**हरिभूमि न्यूज. गुलाबगंज**। शनिवार को गूलरखेड़ी सेक्टर में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विदिशा विधायक मुकेश टंडन उपस्थित रहे। उनके साथ जनपद अध्यक्ष रजनी लोधी, जनपद सीईओ जितेंद्र जैन, मंडल अध्यक्ष प्रतीक सिंह कांग सहित जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी मौजूद रहे।

प्रतियोगिताओं में रस्साखींच, चम्मच दौड़ सहित पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें प्रतिभागियों ने उत्साह और खेलभावना के साथ भाग लिया।

विधायक टंडन सहित सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए ऐसे आयोजनों को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि बृजेश लोधी, जनपद सदस्य जगदीश दांगी, सचिन यादव, भाजपा नेता छत्रपाल शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश घावरी, निर्मल मोंगिया, पीयूष शर्मा, सचिव जगदीश शर्मा, राकेश कांकरिया, राजेंद्र शर्मा, चंद्रकांत दांगी, जितेंद्र रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। खेल शिक्षक गोपाल कुशवाह व अन्य शिक्षकों ने प्रतियोगिताओं का सफल संचालन किया।

## सांसद खेल महोत्सव में सास-बहू रस्साकशी, कुर्सी दौड़ और नींबू-चम्मच दौड़ जैसी प्रतियोगिताएं हुईं

विधायक बोले: सरकार खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए मंच उपलब्ध करा रही है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



सांसद खेल महोत्सव के तहत शासकीय सांदीपनी स्कूल बरईपुरा में शनिवार को खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में सास-बहू रस्साकशी, कुर्सी दौड़ और नींबू-चम्मच दौड़ जैसी प्रतियोगिताएं शामिल थीं।

विधायक मुकेश टंडन ने इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विजेताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया और कहा कि खेलों से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि टीम भावना और अनुशासन भी विकसित होता है। श्री टंडन ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत के खिलाड़ी विश्व स्तर पर परचम लहरा रहे हैं। उन्होंने देश की बेटियों द्वारा क्रिकेट कप जीतकर देश का नाम रोशन करने का भी जिक्र किया। विधायक ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन भी खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए मंच उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने बच्चों से अच्छा खेलने का आग्रह किया और आश्वासन दिया कि उनकी प्रतिभा के अनुरूप सभी संसाधन जुटाए जाएंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बच्चों के आगे बढ़ने से शहर, प्रदेश और देश का नाम रोशन होगा, जो सबके लिए गर्व की बात होगी।

इस खेल महोत्सव में महिलाओं, स्कूली बच्चों और स्थानीय लोगों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। सास-बहू की रस्साकशी और कुर्सी दौड़ प्रतियोगिताएं विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं, जिनमें दोनों पीढ़ियों की महिलाओं ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया। नींबू-चम्मच दौड़ में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर खेलों के प्रति जन जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष वीर सिंह रघुवंशी, जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया, नगर पालिका सीएमओ दुर्गेश सिंह सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि और स्कूली शिक्षक उपस्थित रहे।

चिरौडिया धाम में बढ़ रही श्रद्धालुओं की संख्या जिला पंचायत अध्यक्ष रघुवंशी ने किया निरीक्षण, बढ़ेंगी सुविधाएं

# भक्त को स्वच्छ, सुरक्षित व सुविधायुक्त वातावरण उपलब्ध कराना हमारा प्रथम दायित्व: गीता कैलाश

सौर ऊर्जा आधारित सोलर लाइट्स लगाने की स्वीकृति भी प्रदान की गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

चिरौडिया धाम में प्रत्येक मंगलवार आयोजित होने वाले दिव्य दरबार में श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं, विशेषकर माताओं-बहनों को हो रही सुविधागत समस्याओं का संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने चलित शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने कलेक्टर को पत्र लिखा है। इसके साथ ही मुख्य मार्ग से मंदिर परिसर तक पहुँच मार्ग के सुधार और निर्माण के लिए पंचम वित्त मद से राशि स्वीकृत की गई। सामुदायिक शौचालयों की नियमित



सफाई को लेकर ग्राम सचिव को निर्देशित किया गया, जबकि नए सामुदायिक शौचालय के निर्माण को स्वच्छ भारत मिशन से मंजूरी प्रदान की गई। श्रद्धालुओं की पेयजल समस्या को देखते हुए नल-जल योजना को तत्काल सुचारू करने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। मंदिर परिसर में वैकल्पिक प्रकाश व्यवस्था हेतु सौर ऊर्जा आधारित 12 घंटे सोलर लाइट्स लगाने की स्वीकृति भी प्रदान की गई। साथ ही मंदिर के पास स्थित पुराने विद्यालय भवन के अवशेष हटाने की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि चिरौडिया धाम श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां आने वाले हर भक्त को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधायुक्त वातावरण उपलब्ध कराना हमारा प्रथम दायित्व है।

## सीआईएसटी कॉलेज में सेवा भारती युवा आयाम की बैठक का आयोजन

**विदिशा**। सेवा भारती युवा आयाम नगर विदिशा की बैठक शनिवार को सीआईएसटी कॉलेज राजीव नगर में आयोजित की गई। बैठक में लगभग 50 युवक-युवतियों ने सहभागिता दर्ज कर समाज सेवा, जनजागरण तथा राष्ट्र निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। कार्यक्रम में सेवा भारती युवा आयाम मध्य भारत प्रांत संयोजक संकल्प दीक्षित तथा विभाग संयोजक राजेश भार्गव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। राजेश भार्गव ने विद्यार्थियों को सेवा भारती द्वारा संचालित विविध गतिविधियों की जानकारी देते हुए युवाओं को समाजहित में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। वहीं संकल्प दीक्षित ने युवा आयाम की प्रस्तावना, समरसता आधारित समाज सेवा तथा जनजागरण के माध्यम से राष्ट्र को



सशक्त बनाने में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। बैठक में आगामी रन फॉर गर्ल्स चाइल्ड आयोजन पर भी विस्तृत चर्चा की गई। यह अभियान बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से शहर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में नगर संयोजक सुमित बैरागी तथा राष्ट्रीय सेविका समिति की पूर्व कार्यकर्ता प्रियांशी साहू को सह-संयोजिका का दायित्व सौंपा गया। समापन अवसर पर संस्था संस्थापक एवं समाजसेवी आलोक ने सभी अतिथियों तथा प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए युवाओं से सेवा, समर्पण और सामाजिक जागरूकता के साथ कार्य करने की अपील की।

## खबर संक्षेप

### विजय शुक्ला बने सिलवानी विधानसभा के बीएलए-1

**सिलवानी।** चुनाव आयोग द्वारा फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य कराया जा रहा है। इसी कड़ी में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा रायसेन जिले की सभी 4 विधान सभा क्षेत्र के लिए बीएलए -1 नियुक्त किए हैं। इसी कड़ी में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के द्वारा वरिष्ठ भाजपा नेता विजय शुक्ला को सिलवानी विधान सभा क्षेत्र का बी.एल.ए-1 नियुक्त किया गया है। भाजपा नेता शुक्ला को सिलवानी विधानसभा का बीएलए-1 नियुक्त करने पर भाजपा कार्यकताओं ने बधाई दी।

### कुपोषणमुक्त करने के लिए पगनेश्वर में शिविर

**सलामतपुर।** सांची ब्लॉक अंतर्गत शनिवार को पगनेश्वर गांव में स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग के सहयोग से कुपोषण मुक्त हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधि सरपंच सीडीपीओ, बीएमओ, सुपरवाइजर, सीएचओ, एएनएम, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिसमे बच्चों को पोषण आहार किट प्रदान की गई एवं आगे भी सहयोग करने एवं सुपोषण मित्र के रूप में सभी अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधियों और सक्षम लोगों से सहयोग दिए जाने की अपील की गई। और कुपोषित बच्चों को एनआरसी रायसेन भेजा गया।

### संचालक नहीं कर रहे नियमों का पालन, देर रात तक शोर शराबे से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित

# शादी गार्डनों में नहीं है वाहन पार्किंग व्यवस्था

## आगजनी की स्थिति से निपटने भी नहीं कोई इंतजाम

◆ शहर के मैरिज गार्डनों से सीसीटीवी कैमरे भी गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर में संचालित शादी गार्डन सरकार द्वारा बनाए गए नियमों का पालन करने में अक्षम नजर आ रहे हैं। अधिकांश गार्डनों में न तो आगजनी रोकने के इंतजाम है तथा सीसीटीवी कैमरे भी नहीं लगाए गए है और न ही वाहनों के लिए पार्किंग की सुचारू व्यवस्था है, जिससे यातायात में कई प्रकार के व्यवधान उत्पन्न होते हैं।

नियमों के अनुसार गार्डनों में कम से कम दो गेट होना अनिवार्य होता है, जिससे अगर किसी प्रकार की कोई घटना होती है, तो आपातकालीन गेट से लोगों को निकाला जा सके। वहीं रात 10 बजे के बाद डीजे ढोल बजना नियम विरुद्ध है। लेकिन शादी समारोह शुरु होते ही मैरिज गार्डनों में रात 12 के बाद तक तेज कान फोड़ू आवाज में डीजे साउंड बजना शुरु हो गए हैं, जिससे मैरिज गार्डनों के आसपास के रहवासियों को रात को सोना तक मुश्किल होता है। इसके अलावा शहर के अधिकांश मैरिज गार्डन में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तक नहीं है।





### स्कूली बच्चों की पढ़ाई हो रही प्रभावित

गार्डनों के पास निवास कर रहे बच्चों की पढ़ाई डीजे की आवाज एवं शोर शराबे से प्रभावित होती है। वर्तमान में कक्षा 9वीं से 12वीं की अर्द्ध वार्षिक परीक्षाएं बोर्ड पैटर्न पर शुरू हो चुकी। वहीं वार्षिक परीक्षाओं को भी समय नजदीक आ गया है, ऐसे में देर रात तक होने वाले शादी के शोरगुल से उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

**नियम अनुसार ये जरूरी**

*शादी समारोह से तीन दिन पहले संबंधित थाने में सूचना देना, रात 10 बजे के बाद डीजे का उपयोग न करना, आतिशबाजी के लिए निर्धारित स्थान की जानकारी प्रशासन को देना, समारोह के बाद कचरा फेंकना, मैरिज गार्डन के कुल क्षेत्रफल का 35 फीसदी स्थान पार्किंग के लिए अनिवार्य है। लेकिन एक आध गार्डनों को छोड़ दें तो सभी मैरिज गार्डनों और धर्मशालाओं में पार्किंग नहीं है, जिससे सड़कों पर वाहन खड़े किए जाते हैं। जिस कारण राहगीर परेशान होते हैं।*

### पार्किंग की नहीं है व्यवस्था

*शहर में संचालित अधिकांश गार्डन नेशनल एवं स्टेट हाईवे पर मौजूद हैं। शादियों के सीजन में होने वाले कार्यक्रमों के दौरान जहां गार्डन में लोगों की भीड़ रहती है, तो दूसरी ओर कार्यक्रम में आने वाले आगंतुक अपने वाहन पार्किंग व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़क के इर्द-गिर्द ही खड़े कर देते है, जिससे यातायात अवरुद्ध हो जाता है। कई बार बड़ी दुर्घटनाएं होने से भी बची है। गार्डन संचालकों को सुरक्षा कर्मी की व्यवस्था कराया जाना चाहिए, ताकि वह वाहनों को सुव्यवस्थित खड़े करवा सकें।*

### इनका कहना है

यह बात सही है कि शादी गार्डन में वाहन पार्किंग व्यवस्था नहीं होने के कारण यातायात में व्यवधान आता है। बात संज्ञान में आई है, निरीक्षण कर कार्रवाई की जाएगी।

**मनीष शर्मा,** एसडीएम रायसेन

### नियम-कायदों का नहीं होता पालन

शहर में अभी भी नियमों को ताक पर रखकर संचालित हो रहे मैरिज गार्डनों व धर्मशालाओं में शहनाईयां गूंजना प्रारंभ हो गया। यहां नियम विरुद्ध तरीके से बुकिंग लेकर संचालक शादी समारोह के आयोजन करवा रहे हैं। इससे न सिर्फ नगर पालिका को राजस्व की क्षति पहुंच रही है, बल्कि लोगों की सुरक्षा से भी खिलवाड़ किया जा रहा है। मैरिज गार्डन का हर पांच साल में लाइसेंस रिन्युवल कराए जाने का शासन का नियम है। मैरिज गार्डन होटलों और धर्मशाला परिसरों में सीसीटीवी कैमरों के लगाए जाने के भी आदेश अनिवार्य हैं, लेकिन ज्यादातर मैरिज गार्डनों में सीसीटीवी कैमरे लगे ही नहीं हैं।

शहर में संचालित मैरिज गार्डनों, होटलों धर्मशालाओं नियम अनुसार वाहन पार्किंग और ओपन जगह होना चाहिए, लेकिन यहां धर्मशालाओं में भी बगैर सुविधाओं के शादी की शहनाईयां बज रही हैं। शादी गार्डनों में आने जाने के लिए अलग अलग रास्ते अग्निशमन यंत्र अनिवार्य किया गया है।महिला पुरुषों के लिए अलग-अलग पर्याप्त प्रसाधन होना जरूरी है। इसके अतिरिक्त कक्ष सहित अन्य सुविधाओं का पालन करना भी जरूरी है।

# सांसद खेल महोत्सव के तहत हुई खेल प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

शनिवार को ग्राम पंचायत दीवानगंज के एकीकृत शासकीय माध्यमिक कन्या शाला में सांसद खेल महोत्सव के तहत प्रतियोगिता का आयोजन किया। खेल प्रतियोगिता के दौरान चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़, और रस्साकशी में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

चम्मच दौड़ में प्रथम स्थान लक्ष्मी नायक, द्वितीय शिफॉन और तृतीय स्थान वैभव शाक्या ने प्राप्त किया। वहीं कुर्सी दौड़ में प्रथम स्थान वंदना पटेल, द्वितीय स्थान बंदना द्विवेदी और तृतीय स्थान सविता मैडम ने प्राप्त किया। ग्राम पंचायत दीवानगंज सरपंच गिरजेश नायक द्वारा विद्यार्थियों और शिक्षिकाओं को प्रथम द्वितीय और तीर्थ स्थान आने पर सम्मानित किया गया। विकास जायसवाल और देवेंद्र जाटव कोच द्वारा प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। इस दौरान



दीवानगंज सरपंच गिरजेश नायक, उपसरपंच समीम खान, सचिव रामप्रसाद मालवीय, सहसचिव कामना चतुर्वेदी, दशरथ विश्वकर्मा, मुकेश साहू, नसीम खान, शिक्षक गण और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

सांसद खेल महोत्सव में प्रतियोगिताएँ 3 स्तरों पर ग्राम पंचायत, विधानसभा और संसदीय स्तर पर आयोजित की जा रही है। देशी खेलों को फिर से स्थापित करने के उद्देश्य से कबड्डी और क्रिकेट प्रतियोगिताएं भी कराई जाएंगी। इन खेलों का आयोजन संसदीय क्षेत्र स्तर तक किया जा रहा है।

# एक सप्ताह में हुए 6 सीजर सफल ऑपरेशन



◆ अस्पताल के 6 सीजर ऑपरेशन में जच्चा और बच्चा पूर्ण रूप से स्वस्थ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

सिविल अस्पताल में पिछले शनिवार से इस शनिवार तक 6 सीजर ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए गए। सभी ऑपरेशन वाले जच्चा बच्चा पूर्ण रूप से स्वस्थ होने के साथ पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड में भर्ती हैं।

सिविल अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार श्रीमती प्रियंका पटवा पत्नी अतुल सोलंकी, जो कि सिविल अस्पताल में ही स्टाफ नर्स की रूप में पदस्थ है। का ऑपरेशन हुआ इसके अलावा शिफा पत्नी शकील, निशा पत्नी भोलेंद्र, स्वाति पत्नी शैलेंद्र, चंदा साहू पत्नी बृजेश साहू निवासी गुरारिया, हेमा अहिरवार पत्नी हितेश निवासी समनापुर जागीर, के सफल ऑपरेशन हुए।

एक सप्ताह में 6 सफल ऑपरेशन करने वाली टीम में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रशांत सेन निश्चेतना विशेषज्ञ डॉक्टर हेमंत यादव शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ कुमार गौरव एवं स्टाफ नर्स सुचित्रा मालवीय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# ट्राला ने बाइक को मारी टक्कर महिला की मौके पर ही हुई मौत

### बरेली पिपरिया मार्ग पर ग्राम नयागांव में हुआ दर्दनाक हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

बरेली पिपरिया मार्ग पर स्थित ग्राम नयागांव के पास शनिवार की दोपहर में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। 10 चक्का ट्राला ने बाइक सवार पति-पत्नी को टक्कर मार दी, जिससे महिला की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। घटना के बाद चालक ट्राला लेकर भागा जिसे ग्रामीणों द्वारा पकड़ लिया गया और गुस्साए ग्रामीणों द्वारा मारपीट की गई।



ट्राला की चपेट में आने वाली महिला का नाम धनकुमारी प्रजापति पत्नी मुकेश प्रजापति निवासी ग्राम महुआ खेड़ा थाना सुहागपुर है। जो कि छींद धाम हनुमान मंदिर दर्शन करने आए थे पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर ट्राला को जप्त करने के साथ चालक को गिरफ्तार कर लिया।

पिपरिया मार्ग पर जानलेवा हादसे-बरेली से निकटतम रेलवे स्टेशन पिपरिया है। इसी के साथ नर्मदा किनारो से प्रतिदिन डंपर ट्रैक्टर ट्रालियों के द्वारा नर्मदा रेत का दिन रात परिवहन होता है। मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों की भाग दौड़ बनी रहती है। हमेशा पिपरिया मार्ग पर जानलेवा हादसे घटना दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

### जिला अस्पताल से बाइक चोरी, कैमरे में कैद हुआ चोर

**रायसेन।** जिला अस्पताल से एक बाइक चोरी का मामला सामने आया है। घटना शुक्रवार-शनिवार की रात हुई, जो अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। फुटेज में एक युवक बाइक ले जाते हुए दिख रहा है। जानकारी के अनुसार, रवि ठाकुर नामक व्यक्ति अपनी पल्सर बाइक से जिला अस्पताल आए थे। उन्होंने अपनी बाइक ब्लड बैंक के पीछे वाले गेट पर पार्क की थी। सीसीटीवी कैमरे फुटेज में दिख रहा है कि एक युवक पहले बाइक को स्टार्ट कर थोड़ी दूर ले जाता है। इसके बाद वह बाइक को आगे-पीछे करके देखता है और फिर उसे लेकर अस्पताल से फरार हो जाता है। इस बाइक चोरी की घटना में थाना कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# नाम से ही मनुष्य की पहचान : प्रीतमानंद

### श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ एवं भागवत कथा का लाभ ले रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर में चल रहे लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। बुधवार से प्रारंभ हुए यज्ञ में नित्य नए आयोजनों ने नगर को धर्ममय बना दिया है। साथ ही भागवत कथा का वाचन प्रसिद्ध संत प्रीतमानंद महाराज के मुखारविंद से हो रहा है।

मां हिंगलाज की नगरी इस समय धर्ममय दिखाई दे रही है। चारों ओर महायज्ञ और भागवत कथा की धूम मची हुई है। श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ पं. संजय शास्त्री के सानिध्य में चल रहा है।

भागवत कथा के चतुर्थ दिन शनिवार को प्रीतमानंद महाराज ने कथा का वर्णन करते हुए कहा कि नाम शब्द की बड़ी महिमा है, उन्होंने



बताया कि नाम से ही लोगों की पहचान बनती है, इसलिए अपने बच्चों को नाम बहुत ही सोच समझकर और विचार उपरांत रखना चाहिए। पहले के लोग अपने बच्चों का नाम भगवान के नाम पर रखते थे, ताकि जब भी वह बच्चे का नाम लें तो भगवान का स्मरण होता रहे तथा प्राण त्यागते समय अगर अपने बच्चे का नाम मुख से निकल जाए तो व्यक्ति का जीवन धन्य हो जाता है, लेकिन आज कल के लोग पाश्चात्य सांस्कृति में डूब कर बच्चों के नाम अनर्गल रख लेते है, जिससे बच्चों के स्वभाग में उस नाम के स्वरूप के गुण आ जाते हैं।

### विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा आज

*आज खेड़ापति धाम पर सुप्रसिद्ध*



*भजन बुंदेली गायक जय सिंह राजा की विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। इस आयोजन के लिए समिति द्वारा व्यापक व्यवस्था की गई है। इस भजन संध्या को सुनने के लिए लोगों में व्याकुलता दिखाई दे रही है। समिति द्वारा प्रचार-प्रसार कर लोगों को खेड़ापति धाम पर आने का आमंत्रित किया हैं। भागवत कथा के चतुर्थ दिवस खेड़ापति धाम पर भारी संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति और धर्म लाभ लिया।*

### त्योहारों की भीड़ के बाद खरीदारी थमी, व्यापारियों की बढ़ी चिंताएं

# दीपावली के बाद बाजार में सन्नाटा, पर उम्मीदें बरकरार लगुन सीजन में फिर लौटेगी रौनक, उठाव की बनी आस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

त्योहारों की जगमगाती रोशनी और चहल-पहल के बाद अब सिलवानी का बाजार एक बार फिर शांत दिख रहा है। दीपावली से पहले तक जहाँ दुकानों पर भीड़ का आलम था। वहीं अब बाजारो में सुनाव पन देखो जा रहा है। बाजार में ग्राहकों की आमद में आई कमी ने व्यापारियों की चिंता बढ़ा दी है।

बीते माह दीपावली से पहले बाजार में उत्साह का माहौल चरम पर था। धनतेरस, गौधन अमावस्या और लक्ष्मी पूजन के अवसर पर दुकानों पर ग्राहकों की लंबी कतारें लगी रहीं। कपड़ा, ज्वेलरी, इलेक्ट्रॉनिक्स, मिठाई, सजावटी सामान, बर्तन और उपहार सामग्री की बिक्री में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई। व्यापारियों के मुताबिक, त्योहारों के दौरान औसतन कारोबार सामान्य दिनों की तुलना में दोगुना से भी अधिक रहा।



कपड़ा व्यापारी नीरज नेमा बताते हैं, दीपावली का सीजन हर साल व्यापारियों के लिए सबसे बड़ा मौका होता है। इस बार भी बिक्री अच्छी रही, लेकिन त्योहार बीतते ही बाजार फिर शांत हो गया। अभी ग्राहक केवल जरूरी वस्तुएँ ही खरीद रहे हैं। दुकानों में ग्राहकों की आवाजाही कम देखी जा रही है।

स्थानीय व्यवसायी नीलेश समैया कहते हैं यह हर साल का पैटर्न है। दीपावली के बाद दो हफ्ते तक बाजार शांत रहता है। लोग खर्च से बचते हैं क्योंकि त्योहार में पहले ही काफी खर्च हो चुका होता है। किसान वर्ग भी इस समय रबी फसल की तैयारी में लगा है, इसलिए नकद प्रवाह थोड़ा कम होता है।

### शादी सीजन से बाजारों में लौटेगी जान

सिलवानी का व्यापार बड़े पैमाने पर ग्रामीण ग्राहकों पर निर्भर है। आसपास के गाँवों जैसे कि चीचोली, प्रापगढ़, बम्होरी, सांईखेड़ा, सियरमऊ, जैथारी, मुआर, चून्हेटिया, हमीरपुर आदि ग्रामों से आने वाले खरीदार स्थानीय बाजार की रौनक बढ़ाते हैं। फिलहाल ग्रामीण किसान बुवाई और खेत की तैयारी में व्यस्त हैं पर जैसे ही फसल की बुवाई पूरी होगी, वैसे ही वे बाजार की ओर रुख करेंगे। मिष्ठान व्यापारी राजकुमार अग्रवाल बताते हैं, कि गांवों में जैसे ही लगुन की तैयारियाँ शुरू होती हैं, मिठाई, सजावट और बर्तन की बिक्री बढ़ जाती है। हमें भरोसा है कि नवंबर के मध्य से बाजार में रौनक फिर लौट आएगी।

# सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम में पर्यावरण बिजली और पानी बचाने का दिया संदेश

### छात्राओं ने प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम, दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

नगर की सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में शनिवार को सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन हुआ। संपूर्ण कार्यक्रम महिलाओं को समर्पित रहा। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं द्वारा सामूहिक नृत्य सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। छात्राओं द्वारा सत्य माता का जीवंत रूप धारण कर अपने परिचय में सनातन संस्कृति पर्यावरण का संरक्षण पानी भोजन की बचत धन के उपयोग महिलाओं की शक्ति गरिमा मान सम्मान का संदेश दिया। कार्यक्रम में संयुक्त परिवार की दो महिलाओं का सम्मान भी किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत चौधरी की पत्नी ममता चौधरी, विशेष अतिथि छाया सोनी, मुख्य वक्ता ज्योति जाधव अधिवक्ता, नीता सोनी विदिशा जिला संयोजिका एवं अध्यक्षता अंजलि जैन लेखा अधिकारी जनपद बाड़ी रही।



कार्यक्रम में ज्योति जाधव ने विस्तार से चर्चा करते हुए महिलाओं से अपनी भाषा बोलचाल वेशभूषा पर्यावरण सुरक्षा भोजन पानी बिजली की बचत के साथ अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देने प्रतिदिन मंदिर जाने स्वच्छता का भी संदेश दिया।

**दिलाई शपथः** चिन्ह त्रिशूल, कलस, ओंम, तुलसी जी का पौधा घर में अवश्य रखें प्लास्टिक का उपयोग न करने वृक्षारोपण से पर्यावरण संरक्षण की उपस्थित महिलाओं को शपथ दिलाई गई।